पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

मानननीय उपराष्ट्रपति कल दिनांक 01 मई, 2025 को करेंगे राज्यपाल के जीवन वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियाँ मुझे पसंद हैं' का विमोचन

———

मुख्यमंत्री, मंत्रीगण व अनेक विशिष्टजन रहेंगे उपस्थित

———

लखनऊ : 30 अप्रैल, 2025

उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के जीवन–वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियाँ मुझे पसंद हैं' का लोकार्पण भारत गणराज्य के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के कर–कमलों द्वारा कल दिनांक 01 मई, 2025 को किया जाएगा। यह गरिमामय कार्यक्रम डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पंडित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न होगा।

इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी एवं श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यगण, पद्म पुरस्कार विजेतागण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विद्यार्थी, अध्यापकगण तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट जनों की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाएगी।

———

संपर्क सूत्र :
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0–9454468250